राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान हल्द्वानी
National Skill Training Institute Haldwani
प्रशिक्षण महानिदेशालय
Directorate General of Training
कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय
Ministry of Skill Development & Entrepreneurship
भारत सरकार
Government of India

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

सं0 1(22)/2021–स्था/एनएसटीआईएच/797 दिनांक 04/8/2021

# आवश्यक सूचना

**CITS सत्र 2020–21 में प्रवेश ले चुके प्रशिक्षणार्थियों के लिए संस्थान खुलने से सम्बन्धित दिशानिर्देशः–**

1– उत्तराखण्ड सरकार द्वारा दिनांक 26.07.2021 को जारी की गई SOP के बिन्दु न0 7 में राज्य के समस्त प्रशिक्षण संस्थान (सरकारी एवं गैर सरकारी) को 18 वर्ष से उपर के प्रशिक्षुओं को कोविड प्रोटोकाल का अनुपालन करते हुए प्रशिक्षण प्रदान करने की अनुमति दी गई । इसी परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान, हल्द्वानी में भी दिनांक 9 अगस्त, 2021 से नियमित कक्षाएं (with physical presence) शुरु हो रही है ।

2– अतः CITS/CTS सत्र 2020–2021 मे प्रवेश ले चुके सभी प्रशिक्षणाथियों को निर्देश दिया जाता है कि वे दिनांक 9 अगस्त 2021 से नियमित रूप से संस्थान में उपस्थित होना सुनिश्चित करें ।

3– बाहरी राज्यों से आने वाले सभी प्रशिक्षणार्थियों को सलाह दी जाती है कि असुविधा से बचने के लिए वे हल्द्वानी आगमन से पूर्व Smart City के वेब पोर्टल http://smartcitydehradun.uk.gov.in पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण करा लें ।

4– संस्थान में entry से पूर्व मेन गेट पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को अधिकतम 72 घण्टे पूर्व की RT PCR/TrueNat/CBNAAT/RAT COVID Negative Test Report प्रस्तुत करनी होगी । बिना इस रिपोर्ट के संस्थान में entry नहीं दी जा सकेगी ।
बाहरी राज्यों से आने वाले प्रशिक्षणार्थियों को इस रिपोर्ट के साथ ही राज्य में प्रवेश की अनुमति प्रदान की जायेगी ।

5– प्रशिक्षणार्थी संलग्न फार्म में अपने अभिभावकों से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कराकर लायेगें जिसके बिना उनको प्रशिक्षण में शामिल होने की अनुमति नही दी जायेगी ।

6– सभी प्रशिक्षणार्थियों को अपने मोबाईल में आरोग्य सेतू एप अनिवार्य रूप से इंस्टाल एवं अपडेट करना होगा ।

7– सभी प्रशिक्षणार्थी अपने साथ कम से कम 3–4 मास्क, फेस शील्ड व आवश्यक सेनिटाईजर लेकर आयेगें ।

8– प्रशिक्षण के दौरान सेनिटाईजेशन की व्यवस्था संस्थान द्वारा की जायेगी ।

9– प्रशिक्षण के दौरान किसी प्रशिक्षणार्थी के बीमार / कोरोना पीडित होने पर उसे तत्काल अस्पताल में दाखिल होकर स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में रहना होगा । अस्पताल का समस्त चार्ज प्रशिक्षणार्थी को स्वयं वहन करना होगा । कोविड से प्रभावित प्रशिक्षणार्थी संस्थान न आये क्योंकि ऐसा करने से दूसरे प्रशिक्षणार्थी भी प्रभावित हो सकते है ।

10– ऐसे प्रशिक्षणार्थी जिनके पारिवारिक सदस्य कोविड से प्रभावित है वे भी अभी संस्थान न आयें ।

11– भारत सरकार के गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,उत्तराखण्ड सरकार तथा प्रशिक्षण महानिदेशालय, नई दिल्ली द्वारा कोविड–19 के बारे में जारी की गई मानक प्रचालन कार्यविधि (SOP) का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा । शारीरिक दूरी व मास्क पहनने के नियम का अनिवार्यतः पालन करना होगा ।

12– सरकार द्वारा जारी निर्देशों का पालन न करने पर प्रशिक्षणार्थी के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी ।

उपरोक्त के अलावा सामान्य सुरक्षात्मक उपाय जिनका पालन प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अनिवार्य रूप से किया जाना है–

1– कम से कम 6 फीट की शारीरिक दूरी
2– फेस कवर / फेस शील्ड / मास्क अनिवार्य पहनना ।
3–साबुन से जल्दी–जल्दी हाथ धोना / सेनेटाईजिंग ।
4–श्वांस सम्बन्धी नियमों का सख्ती से पालन करना जैसे खासते या छीकतें समय मुंह और नाक को टीसू / रूमाल से ढककर रखना ।
5– थूकना पूरी तरह प्रतिबन्धित होगा ।
6– आरोग्य सेतू एप अनिवार्य रूप से उपयोग करना होगा ।

एडमिशन (CITS) के समय कुछ प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अपने निम्न कागजात जमा नहीं कराये जा सके थे । अतः ऐसे समस्त प्रशिक्षणार्थी अपने बकाया कागजातों की मूल व फोटोस्टेट प्रति साथ लायें जैसेः

1- Receipt for depositing of counselling Fee Rs. 1000/-
2- Admit Card for AICET 2020
3- SC/ST/OBC/EWS Caste Certificate in format published on NIMI Portal.
4- Marksheet of High School/ Intermediate.ITI/Diploma/B.Tech
5- Certificate of NTC/NAC/Diploma/B.Tech Degree
6- Medical Fitness Certificate
7- आधार कार्ड

04/8/2021

(सुभाष चन्द्र)
उपनिदेशक / कार्यालयाध्यक्ष

उपनिदेशक / कार्यालयाध्यक्ष
Dy. Director/HOO.
राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान
National Skill Training Institute Haldwani
जिला नैनीताल– 263126 (उत्तराखण्ड)
Distt. Nainital -263126 (Uttarakhand)



Nainital Road, Haldwani P O Kathgodam
Distt. Nainital – 263126 (Uttarakhand)
Phone : 05946-221035
email.mitihaldwani@yahoo.co.in

# घोषणा

समक्षः उपनिदेशक, राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान, हल्द्वानी

मैं.............................................................................................एतदद्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरा पुत्र / पुत्री .........................................................................................CITS/CTS Session: 2020-2021 के अन्तर्गत राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान, नैनीताल रोड, हल्द्वानी में Fitter/Machinist/Turner/DMM/ RODA & Solar Technician व्यवसाय में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा/रही है जिनकी कक्षाएं लॉकडाउन के कारण ऑनलाईन चल रही थी । अब नियमित कक्षाएं **(with physical presence)** दिनांक 9 अगस्त 2021 से शुरू हो रही है ।

2— मैं अपने जोखिम/रिस्क पर अपने पुत्र/पुत्री को प्रशिक्षण में शामिल के लिए हल्द्वानी भेज रहा/रही हूं ।

3— हल्द्वानी आने–जाने व परीक्षा के दौरान यदि मेरे पुत्र/पुत्री की तबियत खराब होती है या कोविड बीमारी का कोई लक्षण पाया जाता है तो इसकी जिम्मेदारी हमारी होगी । होम आईसोलेशन की व्यवस्था भी हम स्वयं करेगें ।

4— मेरे पुत्र/पुत्री द्वारा संस्थान में कोविड से सम्बन्धित सभी नियमों का अनिवार्य रूप से पालन किया जायेगा । यदि वह ऐसा नहीं करता/करती है तो संस्थान उसके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगा ।

माता/पिता या अभिभावक के हस्ताक्षर

दिनांकः माता/पिता या अभिभावक का नाम :.............................................

स्थानः पूरा पता व मोबाईल न0 : .........................................................